सो गये किन्तु गुरूवार सुबह साढ़े आठ बजे तक जॉन लॉन्फर नहीं जगा तो होटल कर्मचारियों ने इसे आरबीएम चिकित्सालय ले जाकर जांच कराई जहां चिकित्सकों ने इसे मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी आस्ट्रिया दूतावास को नई दिल्ली दी गई। इस पर दूतावास अधिकारी भरतपुर आकर मृतक जॉन लॉन्फर के शव का पोस्टमार्टम कराकर अपने साथ ले गये। मृतक की उम्र करीब 77 वर्ष थी। मृत्यु के संबंध में चिकित्सकों ने एफएसएल से रिपोर्ट प्राप्त होने पर अपनी रिपोर्ट को रिजर्व रख लिया है।

बोहरा समुदाय के लोगों ने किया हंगामा

फर्जी कार्ड बेचकर लाखों की वसूली

उदयपुर,(का.सं.)। गलियाकोट में धर्मगुरू सैयदना के आगमन पर फर्जी कार्ड बेचकर लाखों की वसूली करने से बोहरा समुदाय के लोगों ने गुरुवार को स्थानीय आमिल के घर पर हंगामा कर दिया। हंगामे के दौरान लोगों ने आमिल सहित तीन जनों के साथ मारपीट भी कर दी।

सूत्रों के अनुसार दिसम्बर माह में गलियाकोट में बोहरा समुदाय के धर्मगुरू सैयदना के कार्यक्रम में शरीक होने के लिए आयोजकों की ओर से जारी कार्ड के अलावा फर्जी कार्ड बनवा वितरण कर प्रत्येक से 5 से 20 हजार रुपये लेकर लाखों की अवैध वसूली करने का भण्डाफोड़ होने पर बोहरा समुदाय के महिला एवं पुरुषों ने आमिल मुस्तफा जमाली के अश्विनी बाजार स्थित निवास पर हंगामा किया।

लोगों ने गरीबों से लाखों की अवैध वसूली करने एवं उदयपुर में आयोजित सैयदना कार्यक्रम स्थगित होने के लिए स्थानीय आलिम एवं कमेटी को जिम्मेदार मानते हुए हिसाब सार्वजनिक करने को लेकर हंगामा कर दिया। इस दौरान आमिल सहित ताहिर भीण्डर वाला, अजीज भाई कागजी, फखरूद्दीन सलूम्बर वाला के साथ मारपीट हुई। मामला बढ़ने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को हटाया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच समझाइश के बाद शाम 4 बजे हाथीपोल बुरहानी हॉल में समुदाय के महिला एवं पुरुषों की सार्वजनिक बैठक हुई। वार्ता में भी कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया। लोगों ने आमिल के विरुद्ध जमकर नारेबाजी कर हंगामा किया।

उदयपुर। फर्जी रसीद को लेकर आमिल के घर के बाहर एकत्रित बोहरा समाज के लोग तथा फर्जी रसीद दिखाते हुए गुस्से में एक महिला।

शबाब गुट के लोगों ने मचाया हंगामा

❖ अपने ही पदाधिकारियों पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

❖ डॉ. सैयदना साहब की कदमपोशी के लिए फर्जी कार्ड बनाकर बेचने का आरोप

उदयपुर। बोहरा समाज के शबाब गुट के लोगों ने गुरूवार को अपने ही गुट के पदाधिकारियों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए जमकर हंगामा किया। इस दौरान समाज के लोगों ने जमात के पदाधिकारियों पर फर्जी कार्ड बनाकर पैसे लेने का भी आरोप लगाया है। आक्रोशित लोगों ने पहले तो न्यू अश्विनी बाजार स्थित जमात के कार्यालय पर हंगामा किया। इस दौरान कुछ लोगों से मारपीट तथा धक्का-मुक्की भी की। उसके बाद शाम को समाज के एक भवन पर एकत्रित होकर काफी देर तक नारेबाजी भी की।

समाज के लोगों ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व गलियाकोट में धर्मगुरू डॉ. सैयदना साहब पधारे थे। इस दौरान लाखों की संख्या में लोग डॉ. सैयदना साहब की कदमपोशी के लिए गए थे। इस यात्रा के दौरान उदयपुर जमात के आमिल शेख मुस्तफा को प्रबुद्धजनों के लिए 200 कार्ड भेजे गए थे ताकि उदयपुर से भी जमात के लोग गलियाकोट जाकर कदमपोशी कर सके। हंगामा कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि आमिल की कमेटी के सदस्य ताहिर भीण्डर वाला सहित कुछ लोगों ने मिलकर गलियाकोट से आए कार्डों जैसे हुबहू कई कार्ड बनाकर इन कार्डों को 5, 7, 11, 21 हजार रूपए में समाज के लोगों को बेच दिया। इन कार्डों से ही सैयदना साहब की कदमपोशी की जानी थी। समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि इन कार्डों के माध्यम से लाखों रूपए समाजजनों से ले लिए थे। जिसे हंगामे के दौरान ताहिर भीण्डर वाला ने भी कबूला।

आक्रोश व्यक्त करने आई एक महिला ने 7200 रूपए की रसीद बताते हुए कहा कि वह बड़े ही प्रयास से पैसे एकत्रित कर गलियाकोट गई थी। परन्तु वहां पर कार्ड फर्जी होने के कारण वह रूहानी पैशवा की कदमपोशी नहीं कर पाई। इसी बात को लेकर समाज के लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त था। गुरूवार को न्यू अश्विनी बाजार में आमिल के घर पर समाज के आक्रोशित लोगों ने जाकर हंगामा खड़ा कर दिया। इस दौरान वहां पर लोगों के साथ धक्का-मुक्की तथा मारपीट भी हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर डिप्टी पश्चिम दयानंद सारण, धानमंडी थानाधिकारी राजेश शर्मा, थानाधिकारी घंटाघर हरेन्द्र सिंह अपने थानो के जाब्ते के साथ पहुंच गए। लोगों की भीड़ को देखते हुए मौके पर कंट्रोल रूम से जाब्ता भी पहुंच गया। अधिकारियों तथा समाज के वरिष्ठ लोगों की समझाईश के बाद शाम को चार बजे अजन्ता गली स्थित समाज के एक भवन पर बैठक करने का निर्णय लिया गया। समाज के लोगों की ओर से इस निर्णय के बारे में जानकारी मिलने के बाद शाम को हाथीपोल थानाधिकारी रतन चावला, हिरणमगरी थानाधिकारी दिनेशसिंह, घंटाघर थानाधिकारी हरेन्द्र सिंह भी मय जाब्ते के पहुंच गए। शाम को वहां पर आयोजित हुई बैठक में काफी हंगामा हुआ। समाज के लोग लगातार इस तरह से फर्जी कार्ड बनाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर अड़े रहे। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी हुई। काफी हंगामे के बाद भी कोई निर्णय नहीं निकल पाया। समाज के कुछ लोगों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि इस बारे में निर्णय मुम्बई से ही होगा।

उदयपुर। फर्जी रसीदों के जरीए वसूली गई राशि।

पत्रकारों को दी धमकी

शबाब गुट की ओर से किए जा रहे हंगामे के दौरान कुछ लोगों ने स्पष्ट रूप से पत्रकारों को धमकी देते हुए कहा कि यह समाज के लोगों का मामला है। यदि इस बारे में समाचार छपा तो परिणाम बुरा होगा। इस सम्बन्ध में पत्रकारों ने आमिल से उनका पक्ष पूछा तो वह सामने आने से बचते रहे।

शबाब गुट के आमिल के खिलाफ फूटा विद्रोह

रूहानी पेशवा की यात्रा में कदमबोशी के बेचे फर्जी कार्ड

न्यूज सर्विस

उदयपुर, 5 जनवरी। दाऊदी बोहरा समाज के शबाब गुट के आमिल के खिलाफ रूहानी पेशवा की गलियाकोट यात्रा के दौरान समाज के सदस्यों को कदमबोशी के फर्जी कार्ड बेचने को लेकर गुरुवार को आमिल के खिलाफ विद्रोह फूट पड़ा। समाज के लोगों ने आमिल के घर के बाहर जमकर नारेबाजी की और हाथापाई व धक्कामुक्की भी की। माहौल तनावपूर्ण होता देख भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा।

हुआ यूं कि दाऊदी बोहरा समाज शबाब के धर्मगुरु डॉ. सैयदना बुरहानुद्दीन ताऊश की गलियाकोट यात्रा के दौरान 200 कार्ड समाज के प्रबुद्धजनों को वितरित करने के लिए समाज के आमिल शेख मुस्तफा को भेजे गए। उन्होंने उक्त कार्डों को समाज के लोगों को 5, 7, 11, 25 हजार रूपए तक में बेच दिए। 200 के 2000 कार्ड छपवा कर समाज के लोगों से लाखों रूपए की चौथ वसूली कर दी। समाज के सदस्यों ने खुला आरोप लगाया कि आमिल की कमेटी के सदस्य ताहिर भीण्डरवाला, अजिज कागजी, अब्दुल अजान व अजित बिस्किट सहित अन्य सदस्यों ने मिलकर रूहानी पेशवा की कदमबोशी के लिए आए कार्ड के फर्जी कार्ड बनाकर समाज के लोगों के साथ ठगी की। यात्रा के दौरान जब यह कार्ड लेकर लाईन में लगे तो गलियाकोट कमेटी के सदस्यों ने पकड़ लिया तो वहां यह खुलासा हुआ कि आमिल एवं उनकी कमेटी के सदस्यों से यह कार्ड 7,200 रूपए देकर खरीदा गया और उसकी रसीद भी बताई गई। इस पर वहां के मेम्बरों ने अजित कागजी को वहीं पकड़ लिया। इस मामले में आज समाज के 100-150 लोगों ने न्यू अश्विनी बाजार स्थित आमिल शेख मुस्तफा के मकान पर धावा बोल दिया और वहां मौजूद लोगों के साथ हाथापाई व धक्कामुक्की के साथ नारेबाजी भी कर दी। महिला व पुरुषों ने खुला आरोप लगाया कि इन्होंने रूहानी पेशवा की यात्रा के दौरान 67 लाख रूपए की अवैध रूप से चौथ वसूली की। मामला तनावपूर्ण होता देख डिप्टी दयानंद सारण, धानमंडी थानाधिकारी राजेश शर्मा, घंटाघर थानाधिकारी हरेंद्र सिंह सहित भारी जाब्ता पहुंच गया और लोगों को समझाईश कर वहां से रवाना किया।

अपरान्ह चार बजे समाज के असंतुष्ट लोगों की अजन्ता होटल की गली में बुरहानी हॉल में बैठक की, जहां पर जोरदार हंगामा हुआ। वहां पर आमिल के प्रतिनिधि ने असंतुष्टों से कहा कि वे रसीद दिखाकर अपनी राशि ले जाएं। समाज के लोगों ने आक्रोश जताया कि हमें राशि नहीं चाहिए, आमिल साहब को यहां से जाना होगा अब फैसला मुम्बई में धर्म गुरु द्वारा किया जाएगा।

माहौल तनावपूर्ण होता देख एहतियात के तौर पर आमिल के घर के बाहर पुलिस जाब्ता तैनात कर रखा है। इस संबंध में अभी धानमंडी थाने में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। थानाधिकारी राजेश शर्मा ने कहा कि समाज के लोग आमिल व उनकी कमेटी की सदस्यों पर कार्ड बेचने का आरोप लगा रहे हैं।